**Laid on the Table the Statements of Standing Committee on Social Justice and Empowerment**

श्रीमती रमा देवी **(**शिवहर): महोदय**,** मैं सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी स्थायी समिति (2023-24) के निम्नलिखित विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करती हूं:-

(1) सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय **(**दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग**)** के ?दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 (एसआईपीडीए) के कार्यान्वयन के लिए योजना का आकलन**?** के संबंध में सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी स्थायी समिति (2021-22) के 23 वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई के बारे में समिति के 36 वें प्रतिवेदन (17 वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई अंतिम कार्रवाई को दर्शाने वाला विवरण।

(2) जनजातीय कार्य मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2022-23) के बारे में सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी स्थायी समिति (2021-22) के 30 वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 37 वें प्रतिवेदन (17 वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई अंतिम कार्रवाई को दर्शाने वाला विवरण।

(3) ?विभिन्न प्रकार की दिव्यांगताओं के लिए स्थापित राष्ट्रीय संस्थानों के कार्यकरण की समीक्षा**?** के बारे में सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी स्थायी समिति (2022-23) के 42 वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी समिति के 49 वें प्रतिवेदन (17 वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई अंतिम कार्रवाई को दर्शाने वाला विवरण।

---

**12.06 hrs**